


## Divine Radiance of the Fourth Day: Navratri Celebrates Maa Kushmanda




As the country immerses itself in the vibrant hues of Navratri, the fourth day holds a special spiritual significance. Devotees across India today worship Maa Kushmanda, the fourth manifestation of Goddess Durga, believed to be the creator of the universe through her divine smile. Her name derived from "Ku" (a little), "Ushma" (warmth or energy), and "Anda" (cosmic egg), symbolizes the origin of life and energy in the cosmos. Temples and households are adorned with flowers, lamps, and devotional chants as prayers are offered to the Goddess, who is depicted with eight hands, holding weapons, rosary, and a nectar-filled pot. She is believed to bestow health, wealth, and spiritual strength on her devotees, particularly those who seek relief from disease and despair.

Culturally, the fourth day of Navratri marks a deep connection between the spiritual and the worldly. In many regions, especially in Gujarat and West Bengal, devotees dress in shades of green, symbolizing prosperity and harmony. The rhythmic beats of garba and dandiya resonate in community grounds, while in Bengal, preparations intensify for the grand Durga Puja that begins soon after. In villages and towns alike, women observe fasts and chant mantras, while urban centers see a blend of tradition and festivity with cultural programs, devotional music, and online community gatherings. Priests and spiritual leaders highlight Maa Kushmanda's message: the power of warmth, positivity, and creation that sustains life itself. At a time when the world faces growing challenges, the celebration of Maa Kushmanda reminds devotees of the timeless truth—that hope and energy, even in the smallest form, have the potential to create entire worlds. The fourth day of Navratri is thus not just a ritual, but a profound celebration of creation, resilience, and divine light.

# Modi Launches ₹1.08 Lakh Cr Push

FAIR REPORT



**Banswara/Jaipur:** Prime Minister Narendra Modi lands in Rajasthan's tribal belt today to kick-start projects worth a record 1,08,468 crore for the state and nearly 1.22 lakh crore nationwide. the 2,800 MW Mahi–Banswara Nuclear Power Project, pegged at 42,000 crore. Rising on the Mahi River, it will be India's 27th—and largest—nuclear plant. Four next-gen 700 MW reactors from the Nuclear Power Corporation of India (NPCIL) are designed to meet roughly 20 percent of Rajasthan's power demand once the facility is fully online.

NPCIL says the plant's dual reinforced-concrete containment domes, separated by a one-metre pressure-relief gap, can withstand even missile strikes. The first unit is expected in five-and-a-half years, with full rollout in seven to eight.

Beyond nuclear energy, Modi will unveil a slate of road, water, energy and industrial projects aimed at jump-starting growth and jobs across southern Rajasthan's tribal districts.

The Prime Minister is due at Udaipur Airport around noon, then by chopper to Banswara's Mahi Helipad at 1:30 p.m. His public address runs 1:45 to 3:35 p.m., before he heads back to Udaipur for an evening departure. Security is tight. Chief Minister Bhajanlal Sharma inspected the venue Wednesday, as thousands of locals and party supporters prepared to pack the grounds. Ahead of the Prime Minister's visit, Rajasthan Chief Minister Bhajanlal Sharma, State BJP President Madan Rathore, and senior Udaipur division BJP leader or MLA NIMBAHERA Shrichand Kriplani inspected the rally venue, accompanied by senior police and administrative officials.

# ACCUSES SONAM WANGCHUK OF INCITEMENT

## Government Issues First Statement on Ladakh Violence

FAIR REPORT



**New Delhi:** The Union Ministry of Home Affairs has released its first official statement regarding the recent violence in Ladakh. The government alleged that activist and environmentalist Sonam Wangchuk played a key role in provoking the crowd through "incendiary remarks" and references to international protest movements.

According to the statement, Wangchuk allegedly drew parallels with the Arab Spring, Nepal's GenZ-led protests, and other global uprisings, thereby inspiring demonstrators to intensify their agitation. The ministry claimed such statements created unrest and directly contributed to the outbreak of violence in the region.

Officials further confirmed that during the escalation, Wangchuk ended his hunger strike and left for his village. However, authorities emphasized that the law-and-order situation in Ladakh has since been brought under control and that no further incidents of violence have been reported.

The ministry highlighted that dialogue with local stakeholders, including Wangchuk, on the region's demands had already been initiated prior to the disturbances. "The government remains committed to constructive engagement and peaceful resolution," the statement read, underscoring that talks are continuing on key issues raised by the activist and local groups.

Sonam Wangchuk, known for his environmental innovations and grassroots activism, has been vocal about Ladakh's demand for constitutional safeguards, including statehood and protection under the Sixth Schedule of the Constitution. His protests and hunger strikes in recent months have attracted widespread national attention and mobilized significant support from local youth.

The government reiterated its appeal for calm and restraint, urging citizens not to be swayed by provocative rhetoric. "Peace and stability in Ladakh are paramount, and dialogue remains the only path forward," the ministry concluded. With the situation stabilizing, attention now turns to the continuation of negotiations, as Ladakh's future governance remains a subject of active debate.

# China Launches Nationwide Campaign to Curb Violent and Negative Online Content



FAIR REPORT

**Beijing:** The Chinese government has announced the launch of a two-month nationwide campaign aimed at tightening control over online content deemed violent, harmful, or excessively negative. The move, state officials said, is intended to "foster a healthier cyberspace" and curb the spread of materials that may undermine social stability. The campaign will target posts and discussions that promote violent behavior, incite hostility, or amplify social discontent. Significantly, the government made it clear that even commentary expressing pessimism about China's slowing economy will not be spared. Analysts believe this underscores Beijing's growing sensitivity to public dissatisfaction amid mounting economic challenges. China's economy is currently grappling with sluggish growth, a deepening property crisis, and record-high youth unemployment. Experts say these factors have fueled rising discontent, particularly on social media platforms where citizens often voice frustration. By cracking down on negative discourse, the government appears to be seeking greater control over the national narrative at a time of heightened pressure. Critics, however, argue that the campaign risks further stifling free expression and silencing legitimate concerns. International watchdogs have repeatedly raised alarms over China's tight internet censorship regime, which already restricts access to major global platforms and censors politically sensitive content. The latest drive comes as part of Beijing's broader push to maintain social stability and reinforce public trust in the Communist Party's governance. While officials insist the measures are necessary to curb harmful influences, observers warn that suppressing dissent could deepen the sense of alienation among citizens struggling with unemployment and economic uncertainty. As the campaign gains momentum, attention will remain on how far Chinese authorities extend these restrictions—and whether public frustration can truly be contained in the digital age.

# Between Promise and Persistent Pitfalls




Hemraj Tikam chand Tiwari

*By Special Feature Desk*

FAIR REPORT

Rajasthan's news cycle this week presents a striking paradox the state is striving for global recognition while simultaneously grappling with deep-rooted governance challenges. On one hand, the government is actively pitching Rajasthan at international tourism expos in Paris and Tokyo, determined to revive foreign tourist arrivals that have seen a noticeable decline. Tourism, after all, is not just an industry here—it is the cultural soul and economic backbone of the desert state. This global push reflects ambition, but the declining numbers are also a reminder that glossy promotion must be matched by on-ground infrastructure and a seamless visitor experience.

At the same time, uncomfortable truths are surfacing closer to home.



An audit of the Mukhyamantri Yuva Sambal Yojana, aimed at empowering unemployed youth, has revealed glaring irregularities—from inclusion of ineligible beneficiaries to poor documentation. For a state struggling with joblessness, such lapses risk eroding trust in welfare schemes meant to bring relief to its youth.

Crime headlines too cast a long shadow. The bust of a multi-crore fraud in Jaipur and the seizure of liquor worth 2 crore in Hanumangarh expose the networks of deception and smuggling that thrive under weak enforcement. Each such case not only reflects individual lawlessness but underscores systemic vulnerabilities in regulation and policing.

Meanwhile, the judiciary has stepped in where bureaucracy has stumbled. The Rajasthan High Court's order extending the tax audit deadline offers much-needed breathing space to businesses, but also underlines how administrative rigidity can choke economic activity unless tempered with pragmatism.

Rajasthan stands today at a crossroads. Its leaders showcase the state's heritage and potential on global platforms, yet the ground reality reveals cracks in governance, accountability, and enforcement. If Rajasthan is to move from promise to prosperity, the sparkle of tourism campaigns must be matched by the hard grind of reform, transparency, and fairness.

# Grassley Urges DHS Halt Student Work Permits

FAIR REPORT



**WASHINGTON, D.C.** — Senate Judiciary Committee Chair Chuck Grassley (R-Iowa) today called on the Department of Homeland Security (DHS) to immediately cease issuing work authorizations to holders of student visas, arguing that such authorizations exceed legal limits and pose risks to American workers and national security. In a sharply worded letter to DHS Secretary Kristi Noem, Grassley said that the current practice directly conflicts with the Immigration and Nationality Act, which stipulates that student visas are meant solely for academic study, not employment. He warned that the continued issuance of work permits under programs like Optional Practical Training (OPT) undermines both the integrity of U.S. immigration law and the employment prospects of U.S. graduates. Grassley cited concerns that tens of thousands of foreign graduates — including more than 33,000 Chinese students holding STEM-based work permits — may occupy roles in sensitive industries, potentially facilitating technology transfer or corporate espionage.

## सिविल लाइंस आरओबी: 80 प्रतिशत काम हो चुका है पूरा, रेलवे के हिस्से का काम बाकी, हजारों वाहन चालक जाम में होते हैं परेशान

# 3 बार डेडलाइन क्रॉस... फिर भी जेडीए कर रहा कछुआ चाल से काम

FAIR REPORT

**जयपुर**

शहर के पॉश इलाके में स्थि सिविल लाइंस फाटक पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाने का काम धीमी गति से चल रहा है। यहां रेलवे फाटक बंद होने से हजारों वाहन चालकों को ट्रैफिक जाम की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। 75 करोड रुपए लागत के इस काम को जेडीए ने जनवरी 2021 में शुरू किया था। इसकी डेडलाइन जून 2022 तय की गई थी। काम शुरू होने के कुछ समय बाद ही इसका काम बंद करा दिया गया। क्योंकि यहां अंडरपास बनाने की संभावना तलाशी जा रही थी। जेडीए ने इस संबंध में रेलवे से भी राय-मशविरा किया, लेकिन रेलवे ने अंडरपास की संभावना को खारिज कर दिया। जिस फर्म को यह काम सौंपा गया था, उसने बीच में ही काम छोड़ दिया। इसके बाद प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मई 2023 में जेडीए ने दूसरी फर्म को काम सौंप दिया। तब इसकी डेडलाइन अगस्त 2024 तय की गई। इसके बाद भी कई कारणों से प्रोजेक्ट में देरी हुई। काम धीरे-धीरे चलता रहा। जिसकी डेडलाइन 30 जून 2025 तय की गई। यह डेडलाइन भी बीत गई। फिलहाल ब्रिज का 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।







## डबोक एयरपोर्ट पर तैयारियां पूरी, मुख्य सचिव ने लिया जायजा

# पीएम की बांसवाड़ा यात्रा को लेकर पुलिस अलर्ट

FAIR REPORT

**जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बुधवार को बांसवाड़ा आ रहे हैं। पीएम की बांसवाड़ा यात्रा को लेकर डबोक एयरपोर्ट पर उनकी ट्रांजिट विजिट को लेकर जिला कलेक्टर नमित मेहता ने तैयारियों को लेकर रिव्यू किया। उदयपुर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं।

इस बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को बांसवाड़ा के नापला पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 25 सितम्बर (गुरुवार) को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।शर्मा ने नापला में हेलिपैड, सभा स्थल सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने पेयजल, पार्किंग व्यवस्था एवं जनसभा में आमजन के बैठने की तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही, पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों से संवाद को लेकर की गई तैयारियों को भी देखा।



### मुख्य सचिव उदयपुर आकर बांसवाड़ा गए

मोदी की यात्रा को लेकर राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत आज सुबह उदयपुर आए। वे यहां से सीधे बांसवाड़ा के लिए रवाना हुए। वे वहां पर पीएम मोदी की प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम के मद्देनजर तैयारियों को देखेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के बांसवाड़ा कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी, डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा और जलदाय मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित कई मंत्री उदयपुर होकर बांसवाड़ा जाएंगे। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी भी उदयपुर होकर ही जाएंगे।

### त्रिपुरा सुंदरी जाएंगे मोदी!

बांसवाड़ा में स्थित 900 साल पुराना त्रिपुरा सुंदरी मंदिर को राजनीति से जुड़े लोगों के लिए सफलता का आशीर्वाद देने वाला भी माना जाता है। यहां पार्षद से लेकर विधायक और मुख्यमंत्री तक, सभी राजनीतिक जीवन में सफलता के लिए यज्ञ और विशेष अनुष्ठान करवाते रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब दो बार इस मंदिर में आ चुके हैं। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे हर चुनाव से पहले और नतीजों से पहले यहां आशीर्वाद लेने आती थीं। यहां तक कि भारत के मुख्य न्यायाधीश भी यहां से आशीर्वाद लेकर जा चुके हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पीएम मोदी जब बांसवाड़ा आएंगे तो त्रिपुरा सुंदरी मंदिर भी जाएंगे।

### मिलेगी स्पेशल रेल सेवाओं की सौगात

मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राजस्थान से जुड़ी 3 नई स्पेशल रेलसेवाएं शुरू करेंगे।


**जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत :** गाड़ी संख्या 04861 25 सितम्बर को जोधपुर से दोपहर 2.30 बजे रवाना होगी। जयपुर शाम 7.05 बजे पहुंचेगी और 7.10 बजे प्रस्थान कर रात 11.10 बजे दिल्ली कैंट पहुंचेगी। नियमित संचालन 27 से (मंगलवार छोड़कर) होगा।

**बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत :** गाड़ी संख्या 04751 25 सितम्बर को बीकानेर से 2.30 बजे रवाना होकर रात 9.05 बजे दिल्ली कैंट पहुंचेगी। 28 से सप्ताह में 6 दिन (बुधवार छोड़कर) चलेगी।

**उदयपुर सिटी-चंडीगढ़ सुपरफास्ट :** गाड़ी संख्या 0967 उदयपुर से 2.30 बजे रवाना होगी। जयपुर में रात 9.25 से 9.35 बजे ठहराव के बाद अगले दिन सुबह 8.15 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी।

## मोदी के दौरे से पहले बाप ने उठाई 50 लाख प्रतिबीघा मुआवजे की मांग

बाप पार्टी के सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि प्रधानमंत्री वागड़ की धरती पर आ रहे हैं, उनका स्वागत है। लेकिन उन्हें यहां के मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करना चाहिए। जिसकी मांग पहले से की जा रही थी। हालांकि इससे पहले बांसवाड़ा में रोत ने विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। सांसद का दावा है कि एनपीसीआईएल कर्मचारियों/अधिकारियों व स्थानीय दलालों ने मिलकर पूरे क्षेत्र में 50 लाख रुपए प्रति बीघा जमीन पर मुआवजा का माहौल बनाकर सौदे किए। फिर मुआवजा वितरण के दौरान 7.68 लाख प्रति बीघा दिया गया।



एनपीसीआईएल के आश्वासन अनुरूप मुआवजा दिया जाए। प्रत्येक किसान को जमीन के बदले जमीन दी जाए। प्रत्येक परिवार के 18 वर्ष से उपर के सदस्य को कंपनी में नौकरी दी जाए। प्रभावित परिवार के सदस्य महिला, पुरुष 60 वर्ष के उपर प्रत्येक को प्रतिमाह राशि 25,000 रुपए पेंशन दे और प्रतिवर्ष महंगाई भत्ता बढ़ाया जाए।

## मदन राठौड़ का बाप पर निशाना, बोले-आदिवासियों के विकास में रोत बाधा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बांसवाड़ा दौरे से एक दिन पहले, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने एक पीएम के दौरे को विकास की राह का प्रोजेक्ट बताया है। साथ ही उन्होंने राजकुमार रोत पर भी तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि पीएम के इस दौरे से जनजाति क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण सौगातें मिलेंगी। राठौड़ ने बताया कि इस दौरे के बाद स्थानीय लोगों को रोजगार, बजट में बढ़ोतरी, फोर लेन सड़क और रेलवे जैसे प्रोजेक्ट्स को गति मिलेगी, जिससे पूरे क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। पीएम के दौरे पर बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भारत



आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार रोत पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राठौड़ पर आरोप लगाया कि सांसद राजकुमार रोत आदिवासियों के विकास की गति में बाधा बनना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि रोत अपने समाज के लोगों को विकास में पीछे रखना चाहते हैं ताकि उनकी खुद की राजनीति चमकती रहे।

## गहलोत ने पूछा-कन्हैयालाल के परिवार को न्याय मिलेगा?

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पोस्ट में कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर पीएम से सवाल किया है। उन्होंने पूछा कि क्या इस दौरे के दौरान पीएम मोदी कन्हैयालाल के परिवार को न्याय का आश्वासन देंगे। गहलोत ने सवाल किया कि कन्हैयालाल के परिवार को न्याय दिलवाने में इतनी देरी क्यों हो रही है? 'ये अपराधी भाजपा कार्यकर्ता हैं, क्या इसलिए देरी हो रही है?

## राजस्थान की 7 पार्टियों का होगा रजिस्ट्रेशन रद्द!

FAIR REPORT

**जयपुर**

चुनावी खर्च का ब्योरा नहीं देने, सालाना आय और खर्चों का हिसाब नहीं देने पर राजनीतिक पार्टियों के खिलाफ चुनाव आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने पिछले तीन वित्त वर्ष में सालाना ऑडिडेट अकाउंट पेश नहीं करने और चुनाव खर्च का ब्योरा नहीं देने पर राजस्थान की 7 राजनीतिक पार्टियों को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा है। निर्वाचन विभाग ने सातों पार्टियों को नोटिस की सार्वजनिक सूचना जारी की है। तय समय में जवाब नहीं देने पर इनका रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जाएगा। पार्टियों को साल 2021-22 से 2023-24 के सालाना ऑडिटेड अकाउंट पेश नहीं करने और चुनाव खर्च का ब्योरा नहीं देने का कारण पूछा गया है। नोटिस में इन पार्टियों से यह भी पूछा है कि क्या पार्टी ने गतिविधियां, कामकाज सीमित कर दिया या बंद कर दिया। चुनाव आयोग ने देश भर में ऐसे 359 दलों को छांटा है, जिन्होंने चुनाव खर्च का ब्योरा नहीं दिया है।

### इन पार्टियों को नोटिस

- अखिल भारतीय कांग्रेस दल अंबेडकर
- भारत रक्षक पार्टी डेमोक्रेटिक
- भारतीय किसान पार्टी
- दलित क्रांति दल
- मेघ देशम पार्टी
- नेशनल फ्यूचर पार्टी
- विकास मंच

## जोगाराम बोले-सुर्खियों में रहने की कोशिश करते हैं हमेशा गहलोत

**जयपुर।** संसदीय कार्य और जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि गहलोत नेगेटिव चीजें ढूंढकर सुर्खियों में रहने की कोशिश करते हैं, इसलिए जयपुर की टूटी सड़कों पर उनके बयान को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। गहलोत के 5 साल के शासन में जितनी नई सड़कें बनी और रिपेयर हुई, उतनी हमारे डेढ़ साल के कार्यकाल में बन गई। जयपुर शहर नई सड़कें बनाने में अव्वल रहेगा। पटेल ने कलेक्ट्रेट में सेवा शिविरों को लेकर मंथन किया।

## कांग्रेस : बाहर के नेताओं को ऑब्जर्वर बनाया, नए जिलाध्यक्षों की होगी नियुक्ति

FAIR REPORT

**जयपुर**

कांग्रेस में हर राज्य में जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष और संगठन के पदों पर नई नियुक्तियां की जा रही हैं। गुजरात और एमपी मॉडल पर राजस्थान में भी सभी जिलाध्यक्ष बदले जाएंगे। कांग्रेस ने 30 नेताओं को इस अभियान के लिए ऑब्जर्वर बनाया है। राजस्थान के एक भी नेता को ऑब्जर्वर नहीं बनाया। इन ऑब्जर्वर के जरिए ही प्रदेश में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति होगी। प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया में शामिल होंगे।

राजस्थान में विजय इंदर सिंगला, लालजी देसाई, जीआर राजू, विकार रसूल वाणी, यशोमति ठाकुर, यशपाल आर्य, भरत सिंह सोलंकी, कुलजीत नागरा, डॉ अमि याज्ञनिक, अनिल चौधरी, सुभाष चोपड़ा, अशोक तंवर, परेश धनानि, राजेश तिवाड़ी, सुखदेव भगत, सलीम अहमद, राजेश कच्छप, राजेश लीलोथिय, अनिल भारद्वाज, रोहित चौधरी, गीता भुक्कल, कैप्टन प्रवीण डावर, केवल सिंह पठानिया, विमल चुड़ासमा, जेटि कुसुम कुमार, अमित सिहाग, ममता देवी, सुखदेव पांसे, अमित विज और शाकिर सनादी ऑब्जर्वर बनाया है।



### जोशी तेलंगाना के ऑब्जर्वर

वहीं, पूर्व विधानसभा स्पीकर डॉ सीपी जोशी को संगठन सृजन अभियान के तहत तेलंगाना का ऑब्जर्वर बनाया गया है। वहीं, विधायक रीटा चौधरी, कांग्रेस नेता रेहाना रियाज और सीताराम लांबा को छत्तीसगढ़ में ऑब्जर्वर बनाया है।

## उत्तराखंड आपदा प्रभावितों के लिए भेजा राहत सामग्री का ट्रक



**जयपुर।** राजस्थान भाजपा की ओर से उत्तराखंड में आपदा से प्रभावितों के लिए राहत सामग्री से भरा ट्रक प्रदेश कार्यालय से रवाना किया गया। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल, प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला,अजीत मांडण, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, उप महापौर पुनीत कर्णावत ने भाजपा ध्वज दिखाकर राहत सामग्री के ट्रक को रवाना किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा भी मुख्यमंत्री आवास से राहत सामग्री के ट्रक रवाना किए जा चुके हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि व्यापार संघों के सहयोग से खाद्य सामग्री उत्तराखंड आपदा पीड़ितों की मदद के लिए भेजी गई है। उन्होंने आमजन से अपील की कि "आपदा की इस घड़ी में हम सभी को एकजुट होकर आगे आना चाहिए और पीड़ितों की हरसंभव सहायता करनी चाहिए। उप महापौर पुनीत कर्णावत ने बताया कि प्रारंभिक चरण में दाल, तेल, कंबल तथा अन्य आवश्यक राहत सामग्री के रूप में भेजी जा रही है। आने वाले दिनों में और अधिक सामग्री प्रभावित क्षेत्रों के लिए भेजी जाएगी। अगले 10 दिनों तक करीबन 200 टन सामग्री उत्तराखंड भेजी जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज, मदन प्रजापत, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत, अपूर्वा सिंह सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीएम ने पहले प्रवासी राजस्थानी दिवस का लोगो किया लॉन्च, जयपुर में 10 दिसंबर को होगा आयोजन

# हैदराबाद में 26 को होगा प्रवासी राजस्थानी समिट

FAIR REPORT

**जयपुर**

इस साल पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन जयपुर में 10 दिसंबर को किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर प्रवासी राजस्थानी दिवस के लोगो का अनावरण किया। इस दिवस को सफल बनाने की दिशा में 26 सितंबर को हैदराबाद में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रवासी राजस्थानी मीट का आयोजन किया जाएगा।

वहीं, जीएसटी स्लैब में हुए बदलाव के बाद राज्य सरकार 22 से 29 सितंबर तक आयोजित हो रहे जीएसटी बचत उत्सव का आयोजन कर रही है। इस अभियान तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीडियो संदेश जारी कर प्रदेश वासियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन देने और स्वदेशी वस्तुओं की खरीद की अपील की है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानी दिवस के लोगो का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने गत वर्ष दिसंबर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान हर वर्ष 10 दिसंबर को प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने की घोषणा की थी। इसी क्रम में इस साल प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन जयपुर में 10 दिसंबर को किया जाएगा। इस दिवस को सफल बनाने की दिशा में 26 सितंबर को हैदराबाद में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रवासी राजस्थानी मीट का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने हैदराबाद में होने वाली प्रवासी राजस्थानी मीट की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि इस आयोजन से प्रवासी राजस्थानियों, निवेशकों एवं सरकारी प्रतिनिधियों को एक साझा मंच मिलेगा, जिससे आपसी संबंध और मजबूत होंगे और औद्योगिक सहयोग व निवेश की नई संभावनाएं बनेगी। इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक प्रवासी राजस्थानी इसमें भागीदारी कर सकें।




### मुख्यमंत्री ने कहा-संकल्प को साकार करने की जरूरत

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी स्लैब में सरलीकरण करते हुए दरों में कमी की है। इस कमी का लाभ प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले, इसके लिए राज्य सरकार 22 से 29 सितंबर तक 'जीएसटी बचत उत्सव' का आयोजन कर रही है। उन्होंने व्यापारी और दुकानदारों से उपभोक्ताओं तक जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ पहुंचाने की अपील है। सीएम ने कहा कि मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर जीएसटी सरलीकरण की घोषणा की थी, जिसके अनुसार 22 सितंबर से देश में अब जीएसटी की मुख्य रूप से दो दरें 5 और 18 प्रतिशत प्रभावी हो गई है। इस निर्णय से वस्तुओं में भारी कमी आई है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, व्यापारी और उद्योग जगत सहित सभी वर्ग इस सरलीकरण लाभान्वित होंगे और उन्हें आर्थिक संबल मिलेगा।

## सचिवालय परिसर में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन



**जयपुर।** कार्मिक विभाग के खेल प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बुधवार को सचिवालय परिसर में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ। पूर्व में यह आयोजन हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को होना था जो प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के कारण आयोजित नहीं हो पाया था। इस आयोजन में कार्मिक विभाग के सचिव केके पाठक ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में इस आयोजन का उद्देश्य मेजर ध्यानचंद की खेल उपलब्धियों को स्मरण करते हुए राजकीय सेवा की दिनचर्या के साथ खेलों का महत्व बताया।

**ब्रीफ खबरें**

## हाईवे पर नशे की हालत में विदेशी महिला का जमकर ड्रामा



**बहरोड़।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे 48 पर बहरोड़ के दहमी गांव के पास बने हनुमान मंदिर और पास के होटल में बुधवार तड़के एक रूसी महिला और पुरुष ने नशे की हालत में जमकर उत्पात मचाया। बहरोड़ डीएसपी कृतिका यादव ने बताया कि मामले की जानकारी पर पुलिस ने उत्पात मचा रहे विदेशी महिला-पुरुष को काबू में किया गया। दोनों को एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बहरोड़ डीएसपी कृतिका यादव ने बताया कि सुबह फोन के जरिए सूचना मिली कि हाईवे पर नशे की हालत में एक विदेशी महिला और पुरुष हंगामा कर रहे हैं। जिस पर पुलिस भेजी गई। मौके पर जाकर देखा तो महिला और पुरुष दोनों नशे में थे। वे बार-बार झगड़ा कर रहे थे। मौके पर एम्बुलेंस बुलाई गई। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को काबू में लिया गया। साथ ही अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। हनुमान मंदिर में रहने वाले बाबाजी जब पूजा करने के लिए पहुंचे, तो मंदिर का सामान बिखरा हुआ था और पास में एक बुलेट बाइक खड़ी थी। जिसके बाद आसपास के लोगों को मौके पर बुलाया गया। लोगों ने देखा कि एक महिला और पुरुष हाईवे पर बने होटल में भी हंगामा कर रहे हैं। जिसकी सूचना मिलते ही बहरोड़ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। विदेशी महिला के हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

**जयपुर-अजमेर में एसीबी की बड़ी कार्रवाई**

## एएसआई और ग्राम विकास अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार



जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने बुधवार को जयपुर और अजमेर में अलग-अलग कार्रवाइयों में दो सरकारी कार्मिकों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पहली कार्रवाई में एसीबी जयपुर नगर प्रथम इकाई ने पुलिस थाना कानोता (आयुक्तालय पूर्व) के सहायक उप निरीक्षक बनेसिंह को ₹30,000 की रिश्वत लेते पकड़ा। बनेसिंह पर आरोप है कि उन्होंने एक परिवाद में विपक्षी पक्ष को पाबंद कराने और विपक्षी द्वारा दर्ज मामले को फाइल करने के लिए यह राशि मांगी थी। एसीबी टीम ने उप महानिरीक्षक आनन्द शर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र के नेतृत्व में ट्रैप की कार्रवाई की। दूसरी कार्रवाई अजमेर में हुई, जहां एसीबी की इंटेलिजेंस इकाई ने ग्राम विकास अधिकारी सोनाक्षी यादव को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की राशि पास करने के एवज में ₹1,000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता से पहले ही सत्यापन के समय ₹500 लिए जा चुके थे। यह कार्रवाई उप महानिरीक्षक अनिल कयाल के सुपरविजन में निरीक्षक कंचन भाटी की टीम ने की। दोनों मामलों में आरोपियों से पूछताछ जारी है और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

## पुलिसकर्मियों को बाल पकड़कर खींचा, परिवार ने घेरकर पीटा

**सीकर।** पुलिसकर्मियों के साथ सीकर में जमकर मारपीट हुई। नाबालिग से रेप के आरोपी को पकड़ने पहुंचे 2 कॉन्स्टेबल पर परिवार ने हमला कर दिया। घटना धोद में मंगलवार शाम करीब 5.30 बजे की है। मारपीट और हमले का बुधवार को एक वीडियो भी सामने आया। दरअसल, मौलासर (डीडवाना-कुचामन) की 16 साल की नाबालिग को धोद स्थित अनोखू रोड निवासी युवक बहला-फुसलाकर ले गया था। नाबालिग के परिजनों ने उसके खिलाफ किडनैपिंग का केस दर्ज कराया था। नाबालिग के मिलने के बाद पूछताछ में उसने रेप के आरोप लगाए थे। धोद सीओ सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि मंगलवार शाम को कॉन्स्टेबल मुकेश और विजेंद्र आरोपी को पकड़ने पहुंचे थे। दोनों कॉन्स्टेबल आरोपी को अपने साथ बड़ी मुश्किल से घर के बाहर लेकर आ गए। लेकिन यहां एक बिजली के पोल के पास आरोपी के परिवार के लोगों ने दोनों पुलिसकर्मियों को रोक लिया। जिन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। महिलाओं ने पुलिसकर्मियों के बाल खींचे और थप्पड़ जड़े। इस दौरान आरोपी ने भागने की कोशिश की। कॉन्स्टेबल की मारपीट की सूचना पर मौके पर पहुंची धोद पुलिस ने आरोपी समेत अन्य लोगों को पकड़ लिया। मौलासर पुलिस के दोनों कॉन्स्टेबल मुकेश और विजेंद्र ने धोद थाने में राजकार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

# होटल व्यवसायियों को समझाया गया इमीग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट 2025

FAIR REPORT

जयपुर

फेडरेशन ऑफ राजस्थान होटल एसोसिएशंस की ओर से मंगलवार को जयपुर के गोपालपुरा बायपास स्थित होटल सफारी में इमीग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट 2025 पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से करीब 250 होटल व्यवसायी व फेडरेशन के सदस्य शामिल हुए।

सेमिनार में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सीआईडी (वीजा), जोन एवं विदेशी पंजीकरण अधिकारी जयपुर शहर श्री धर्मेंद्र सागर और उनकी टीम ने नए एक्ट की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने होटल व्यवसायियों को विदेशी नागरिकों से जुड़ी कानूनी जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया और उनके सवालों का समाधान भी किया।




### फेडरेशन की भूमिका

फेडरेशन अध्यक्ष गजेंद्र लूनीवाल और सचिव राहुल अग्रवाल ने कहा कि यह एक्ट होटल व्यवसायियों के लिए नई चुनौतियां लेकर आया है। एसोसियेशन के राकेश टांक ने बताया कि सेमिनार का उद्देश्य यही था कि होटल संचालकों को समय रहते सभी कानूनी प्रावधानों की जानकारी हो और वे सुरक्षित व पारदर्शी तरीके से कारोबार कर सकें।



### एक्ट में हुए प्रमुख बदलाव

- विदेशी नागरिकों से संबंधित Form-C और अन्य रिकॉर्ड एक वर्ष तक सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा।
- अब हेड कांस्टेबल स्तर का पुलिसकर्मी भी चेकिंग करने का अधिकारी होगा।
- विदेशी नागरिक की एंट्री के नियमों का उल्लंघन करने पर ₹50,000 प्रति एंट्री तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा।
- अवधि पार वीजा पर रुकवाने की स्थिति में ₹3 लाख तक की पेनल्टी का प्रावधान किया गया है।
- अगर होटल संचालक विदेशी अतिथियों के साथ गलत व्यवहार या धोखाधड़ी करते हैं तो संबंधित होटल को विदेशी नागरिकों के ठहराव हेतु प्रतिबंधित भी किया जा सकता है।
- विदेशी अतिथि के होटल से चेक-आउट करने के 24 घंटे के भीतर ऑनलाइन रिपोर्टिंग करना अनिवार्य होगा।

### होटल व्यवसायियों के लिए चेतावनी और सुझाव

एएसपी धर्मेंद्र सागर ने स्पष्ट किया कि नए प्रावधानों का सख़्ती से पालन करना सभी होटलों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि होटल प्रबंधन को अब रिकॉर्ड अपडेट रखने और समय पर ऑनलाइन एंट्री-एग्ज़िट दर्ज करने की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। किसी भी प्रकार की लापरवाही होटल की प्रतिष्ठा और कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

# सांवलिया जी के भंडार से निकले 18.31 करोड़

### तीसरे राउंड की गिनती पूरी हुई; ज्वेलरी और ऑनलाइन दान की गिनती बाकी

FAIR REPORT

**चित्तौडगढ। (मनीष मालानी)** मेवाड़ के कृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर में बुधवार को भंडार की गिनती का तीसरा राउंड पूरा हुआ। इसमें 1 करोड़ 65 लाख 70 हजार रुपए निकले। इससे पहले 20 सितम्बर को जब भंडार खोला गया था, तब पहले राउंड में 9 करोड़ 70 लाख रुपए गिने गए थे। दूसरे राउंड में 6 करोड़ 95 लाख 50 हजार रुपए सामने आए थे। अब तक तीनों राउंड को मिलाकर कुल 18 करोड़ 31 लाख 20 हजार रुपए की गिनती हो चुकी है।



### हर महीने की परंपरा, इस बार भी भंडार खुला

श्री सांवलियाजी मंदिर में हर महीने अमावस्या से पहले चतुर्दशी के दिन भंडार खोला जाता है। इस परंपरा के अनुसार ही इस बार भी 20 सितम्बर को चतुर्दशी के मौके पर भंडार खोला गया। पहले ही दिन गिनती शुरू हुई तो काफी दान मिला। श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान में 9 करोड़ 70 लाख रुपए नकद निकले। अगले दिन अमावस्या थी। उस दिन मंदिर में हजारों-लाखों की भीड़ उमड़ती है, इसलिए गिनती का काम रोक दिया गया। अमावस्या पर गिनती करने से अव्यवस्था फैल सकती थी, इसलिए निर्णय लिया गया कि आगे की गिनती बाद में होगी। सोमवार को भी गिनती नहीं हो सकी क्योंकि उस दिन नवरात्रि स्थापना थी और बैंक अवकाश पर थे। गिनती का पूरा काम बैंक अधिकारियों और मंदिर मंडल की देखरेख में ही होता है। छुट्टी के कारण गणना नहीं हो पाई।

### दूसरा और तीसरा राउंड, लगातार बढ़ा आंकड़ा

मंगलवार को छुट्टी खत्म होने के बाद दोबारा सुरक्षा व्यवस्था के बीच गिनती शुरू की गई। दान की गिनती का दूसरा दौर देर शाम तक चला। जब पूरा हिसाब निकाला गया तो 6 करोड़ 95 लाख 50 हजार रुपए का आंकड़ा सामने आया। इसके बाद बुधवार को तीसरा राउंड शुरू हुआ। सुबह से शाम तक लगातार नोटों की गिनती होती रही। इस बार गिनती में 1 करोड़ 65 लाख 70 हजार रुपए निकले। इसके साथ ही तीनों दिनों का कुल आंकड़ा 18 करोड़ 31 लाख 20 हजार रुपए हो गया। मंदिर मंडल की ओर से बताया गया है कि गिनती का चौथा दौर गुरुवार, 25 सितम्बर को किया जाएगा। तीनों राउंड को मिलाकर कुल 18 करोड़ 31 लाख 20 हजार रुपए की गिनती हो चुकी है।

### सोना-चांदी और ऑनलाइन दान की गिनती बाकी

अभी तक केवल नकदी की गिनती हो रही है। भंडार में हर बार श्रद्धालु सोने-चांदी के गहने, सिक्के और कीमती वस्तुएं भी चढ़ाते हैं। इसके अलावा अब बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन माध्यम से भी दान करते हैं। इन सबका हिसाब आखिरी दिन किया जाएगा। सोने-चांदी का तौल और ऑनलाइन दान की गिनती होने के बाद कुल दान का आंकड़ा और भी बड़ा हो जाएगा। इसलिए फिलहाल जो 18 करोड़ 31 लाख रुपए की गिनती हुई है, वह केवल नकदी है।

### आस्था का केंद्र है सांवलियाजी मंदिर

श्री सांवलियाजी मंदिर को मेवाड़ का कृष्णधाम कहा जाता है। यहां न सिर्फ राजस्थान बल्कि देशभर से भक्त आते हैं। हजारों श्रद्धालु रोज मंदिर में माथा टेकते हैं और अपनी आस्था के अनुसार दान चढ़ाते हैं। कोई सिक्के डालता है तो कोई नोट, और कई भक्त तो सोने-चांदी के गहने भी अर्पित कर देते हैं। भक्तों का विश्वास है कि सांवलियाजी के दरबार में मन की हर मुराद पूरी होती है। संकटों से छुटकारा मिलता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। यही वजह है कि मंदिर के भंडार में हर महीने करोड़ों रुपए का दान आता है।

### सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, हर कदम पर निगरानी

भंडार की गिनती के दौरान मंदिर परिसर को पूरी तरह से सुरक्षित कर दिया जाता है। जगह-जगह पुलिस और सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में गिनती का हर पल रिकॉर्ड किया जाता है। बैंक अधिकारी, मंदिर मंडल के सदस्य और अन्य जिम्मेदार लोग पूरे समय मौजूद रहते हैं।

## अवैध खनन पर करौली पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 700 ट्रॉली बजरी व विस्फोटक सामग्री जब्त



### चार थानों में संयुक्त ऑपरेशन, दो आरोपी गिरफ्तार, भारी मशीनरी भी जब्त

FAIR REPORT

**करौली।** करौली जिले में अवैध खनन के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने मंगलवार देर रात बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने करीब 2,790 टन (लगभग 700 ट्रॉली) बजरी, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और खनन में प्रयुक्त मशीनें जब्त कीं। यह अभियान पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम और वृत्ताधिकारी कन्हैयालाल, अनुज शुभम तथा मीना मीणा के सुपरविजन में चलाया गया।

### सपोटरा में 2,790 टन बजरी जब्त

पुलिस, जिला प्रशासन और खान विभाग की संयुक्त टीम ने सपोटरा थाना क्षेत्र के कांठड़ा हाड़ौती गांव में छापेमारी कर बनास नदी से अवैध रूप से निकाली गई बजरी का विशाल स्टॉक पकड़ा। यह स्टॉक करौली सीमा से सटे सवाई माधोपुर बॉर्डर (खंडार) पर नदी किनारे छिपाया गया था।

### विस्फोटक और भारी मशीनरी बरामद

लांगरा थाना पुलिस ने अलग कार्रवाई में 47 राजजैल-90 हाई एक्सप्लोसिव रॉड, 925 फुट डेटोनेटर वायर, एक मैसी ट्रैक्टर, एक कंप्रेसर मशीन, ड्रिल मशीन, हथौड़े और छैनी सहित कई औजार जब्त किए। वहीं कांकेटियापुरा गांव के पास से दो हाईड्रा मशीनें और एक अन्य कंप्रेसर मशीन भी पकड़ी गई। पुलिस को देख अवैध खनन में लगे लोग मौके से जंगल की ओर भाग निकले।

### दो आरोपी गिरफ्तार

दो अलग-अलग मामलों में कोतवाली पुलिस ने 132 केबी जीएसएस के पास से अवैध पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित सोनू कश्यप पुत्र विष्णु निवासी मासलपुर को, जबकि मामचारी पुलिस ने महौली शराब ठेके के पास से अवैध चेजा पत्थर ले जाते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित बनी सिंह गुर्जर (39) पुत्र जगन्नाथ निवासी मामचारी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।


**रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बड़ी लापरवाही :** सूचना कई बार लिखित में दी गई, लेकिन कैमरे ठीक नहीं हुए

# सर्विलांस सिस्टम ठप, बाघों की सुरक्षा खतरे में!

FAIR REPORT

सवाई माधोपुर

राजस्थान के सबसे बड़े और प्रसिद्ध रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बाघों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। यहां करीब 65 करोड़ रुपए की लागत से लगाया गया हाईटेक सर्विलांस सिस्टम पिछले कई महीनों से ठप पड़ा है। इस लापरवाही के कारण न सिर्फ बाघों की निगरानी और ट्रैकिंग में भारी मुश्किलें आ रही हैं, बल्कि रिजर्व में होने वाली अवैध गतिविधियों पर भी लगाम नहीं लग पा रही है।



इस सिस्टम में लगे कुल 12 थर्मल कैमरों में से 11 पूरी तरह से खराब हो चुके हैं, और केवल एक ही काम कर रहा है। ऐसे में करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद, रणथंभौर की सुरक्षा 'भगवान भरोसे' चल रही है।

रणथंभौर में यह हाई-टेक सर्विलांस सिस्टम साल 2017-18 में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीओआईटी) द्वारा लगाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य बाघों और अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। इसके जरिए बाघों की मॉनिटरिंग और ट्रैकिंग को मजबूत बनाना, वन्यजीवों के शिकार की घटनाओं को रोकना और टाइगर रिजर्व में होने वाले अवैध अतिक्रमण और चराई पर अंकुश लगाना था।

इस सिस्टम के तहत रणथंभौर के लगभग 942 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को थर्मल कैमरों से कवर किया गया था। इन कैमरों को 30 से 45 मीटर ऊंचे टावरों पर लगाया गया था, जिनका कवरेज रेडियस 5 किलोमीटर तक था। यहां तक कि ड्रोन भी इस सर्विलांस सिस्टम का हिस्सा थे, ताकि जंगल के हर कोने पर नजर रखी जा सके।

### प्रशासन की लापरवाही

रणथंभौर के फील्ड डायरेक्टर अनूप के.आर. ने बताया कि सर्विलांस सिस्टम के थर्मल कैमरे काफी समय से खराब हैं। उन्होंने कहा कि इसकी सूचना सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को कई बार लिखित में दी गई है, लेकिन अभी तक कैमरों को ठीक नहीं किया गया है। फील्ड डायरेक्टर के अनुसार, सिस्टम के खराब होने से इसे लगाने का मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। जहां एक तरफ वन विभाग के अधिकारी बाघों की सही से निगरानी नहीं कर पा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ शिकार और अवैध चराई जैसी घटनाएं बढ़ने का खतरा बढ़ गया है। यह स्थिति न सिर्फ वन्यजीवों के लिए, बल्कि पूरे इकोसिस्टम के लिए भी बेहद खतरनाक है।

## डंपर ने बाइक सवारों को कुचला,4 की मौत

FAIR REPORT

अलवर

अलवर जिले के प्रतापगढ़ में दौसा रोड पर हुए सड़क हादसे के बाद माहौल तनावपूर्ण है। इस दौरान भीड़ ने एक युवक को पीट दिया। तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवारों को कुचल दिया। इस हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक 5 साल का बच्चा भी शामिल है।

घटना अलवर जिले के प्रतापगढ़ स्थित दौसा रोड पर झिरी स्टैंड के पास की है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में आसपास के लोग जमा हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने प्रतापगढ़ (अलवर) कस्बे के थानागाजी इलाके में अलवर-जयपुर रोड जाम कर दिया। फिलहाल मौके पर हालात तनावपूर्ण हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। जाम के बीच से जबरदस्ती निकलने वाले लोगों से प्रदर्शनकारियों की कहासुनी भी हो गई। इस दौरान भीड़ ने एक राहगीर को जमकर पीट दिया। घटना बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे की है। डंपर प्रतापगढ़ से झिरी की तरफ जा रहा था। बाइक सवार झिरी की ओर से प्रतापगढ़ की ओर आ रहे थे। बाइक सवार चारों लोग थानागाजी के मेजोड़ गांव के रहने वाले थे। यह गांव घटना स्थल से 20 किलोमीटर दूर है। एक ही बाइक पर चारों जा रहे थे। मृतकों में बाबूलाल (40), मोनू (5), अशोक (22) और नरसी (25) शामिल हैं।

# Minister Baghmar Assesses District Development, Releases GST Savings Festival Poster



Manish Malani
Journalist
FAIR REPORT




**Chittorgarh** – District in-charge Minister Manju Baghmar on Wednesday interacted with traders during a program organized at the Rural Development Agency auditorium of the District Council. She discussed the state government's recent initiatives and schemes, reviewed the progress of budget announcements and flagship schemes, and unveiled the poster related to the "GST Savings Festival."

Minister Baghmar said that the state government has recently decided to reduce GST rates, which will provide direct benefits to the common people. She stated that the reduction in tax rates will bring relief to consumers and make business easier for traders. She appealed to the traders present to help spread this initiative of the government to the general public so that every section of society can benefit from the state government's efforts.

On this occasion, Santosh Kumar Sharma, Assistant Commissioner of SGST Department, Chittorgarh, gave a detailed presentation through PowerPoint on the benefits of the recent GST rate cuts. He said that with the reduction in the tax burden, the market will witness greater activity, traders will be encouraged, and consumers will be able to get goods at cheaper prices. Traders also shared their views and suggestions during the interaction program.

The interaction program was attended by MLA Chandrabhan Singh Akya, District Chief Gabbar Singh Ahir, Harshvardhan Singh Rud, Waseem Khan, Raghu Sharma, members of the trade association, and a large number of traders.

### Review of Budget Announcements and Flagship Schemes

After the interaction with traders, in-charge Minister Manju Baghmar chaired a review meeting with district-level officials. The meeting, held at the Rural Development Agency auditorium, focused on reviewing the progress of budget announcements and flagship schemes.

District Collector Alok Ranjan informed the minister that service camps at both rural and urban levels are being organized to ensure quick redressal of public grievances. He added that departmental officials are consistently working to complete the budget-announced works and key schemes within the stipulated time frame. The in-charge minister instructed officials to ensure that every eligible beneficiary receives the benefits of the schemes on time. She emphasized that transparency and quality should remain the top priorities in all works. She also said that providing relief to the public through service camps is the state government's foremost priority, and officials must fulfill their responsibilities with complete sensitivity. The meeting was attended by Conservator of Forests Rahul Jhanjhadia, Additional CEO Rakesh Purohit, Municipal Council Administrator and Additional District Collector (Rawatbhata) Vinod Malhotra, Sub-Divisional Magistrate Beenu Deval, along with various district-level officials. Through the interaction and review meeting, the in-charge minister assessed the progress of district schemes and works, and directed officials to complete tasks in a time-bound and quality-oriented manner.

## India's Armoured Platform Goes Recognition Global

FAIR REPORT



**New Delhi.** The Wheeled Armoured Platform (WhAP 8x8) -- a next-generation modular combat vehicle jointly designed by India's Defence Research and Development Organisation (DRDO) and developed by Tata Advanced Systems Limited (TASL), is ready to get exported. Engineered for high mobility, survivability, and mission versatility, WhAP 8x8 represents a significant leap in India's indigenous defence capabilities and is now poised to make its mark on the global stage.

WhAP 8x8 is India's first amphibious wheeled infantry combat vehicle. It features a survivable monocoque hull with scalable ballistic and mine protection, independent suspension, and a central tyre inflation system—making it highly adaptable to rugged terrains and combat zones. The vehicle is powered by a high-performance engine and supports both manned and unmanned weapon stations, including anti-tank guided missile (ATGM) systems. Cleared for production and export in October 2019, the DRDO-designed WhAP 8×8 combat vehicle marked a turning point in India's defence innovation.

## CM Yadav Rebukes MP Congress Chief

FAIR REPORT



**Balaghat (Madhya Pradesh),** Chief Minister Mohan Yadav on Wednesday hit back at state Congress chief Jitu Patwari, saying those who stand with cow smugglers and slaughters can't question the BJP government in Madhya Pradesh on cow protection. Yadav alleged that Congress has nothing to do with cow protection, as they have always maintained close relations with cow smugglers. He said that when the government acts against cow smugglers, Congress leaders start crying. "Earlier, they were abusing Ladli Behna, and now they have started a new fake claim that the BJP government has removed all GST on beef. One should make these 'fools' understand that cow slaughtering is not possible under the BJP government," Yadav said.

Yadav made this remark in response to Jitu Patwari's claim that the BJP government has removed all GST on beef and that India is the largest exporter of the meat banned in most states. "Situation has changed in Madhya Pradesh after the BJP came to power in 2003-2004. Forget about cow slaughtering; even cow smuggling has been banned. When our government take action against cow smugglers, these people will start crying," Yadav said, addressing a public programme in Balaghat on Wednesday. During a press conference in Bhopal, Jitu Patwari on Tuesday said, "The BJP govt has imposed a 0 per cent GST on beef. Why is a party that talks about worshipping Mother Cow imposing zero tax on beef? Is this not the BJP's double face?."

## Murmu to Pray at Mathura, Vrindavan Temples Today

FAIR REPORT



**Mathura.** President Droupadi Murmu will visit Mathura and Vrindavan in Uttar Pradesh on Thursday to offer prayers at prominent temples. She will arrive in Vrindavan by a special train from Delhi and visit the Shri Thakur Banke Bihari Temple, Nidhivan, and the Shri Nabha Krishna Sudama Kuti on the Parikrama Marg.

The visit holds special significance as it coincides with the centenary celebrations of the Shri Nabha Krishna Sudama Kuti Ashram. The Mahant of the Ashram had extended an invitation to the President, and preparations are underway to establish a Ram Darbar at the Ashram. During her visit, the President will also meet with saints and sages for 20 minutes. The district administration and the Municipal Corporation have made extensive preparations for her arrival. Special prayers and silver lamps will be lit at the Banke Bihari Temple before the President's convoy moves toward Nidhivan. Senior officials oversaw security arrangements at the temples to ensure a smooth visit. Uttar Pradesh Director-General of Police (DGP) Rajiv Krishna and Additional Chief Secretary Deepak Kumar reached Mathura and Vrindavan on Tuesday to review the arrangements. All aspects of the security at the Shri Krishna Janmasthan Temple and other sites on the President's itinerary were thoroughly checked. Strict measures have been put in place, and traffic diversion will remain effective from 7 a.m. on September 25 until the President's departure.

## PM Modi to Inaugurate UP Trade Show in Noida Today

FAIR REPORT



**New Delhi.** Prime Minister Narendra Modi will arrive in Greater Noida on Thursday morning to inaugurate the third edition of the Uttar Pradesh International Trade Show, an event aimed at boosting investment and showcasing the state's industrial potential. The district administration and police on Wednesday said that elaborate arrangements have been made for the Prime Minister's visit.

Noida Police Commissioner Laxmi Singh said a four-tier security cordon has been put in place, with special arrangements at district borders to prevent any lapses. She said more than 5,000 personnel, including traffic police, women police, intelligence units, special commandos, and paramilitary forces, have been deployed for the visit. Security has been tightened around the Expo Mart complex, the venue of the event, where drone cameras and CCTV will monitor all activities.

Traffic diversions have been introduced to ease congestion, and dedicated parking areas have been created for visitors. The trade show, aligned with the vision of Make in India, Vocal for Local, and Aatmanirbhar Bharat, is expected to draw participation from investors across all districts of Uttar Pradesh as well as leading industrial houses and entrepreneurs from across the country. Officials hope the five-day event will attract fresh investments, create new jobs, and further enhance Uttar Pradesh's industrial profile.

# Brewing Trust, Pouring Growth: GST 2.0 and the Art of Simple Governance"



Shrichand Kriplani



"A system is only as strong as its clarity and fairness. GST 2.0 reminds us that governance is not merely rules, but the trust it builds in every citizen, entrepreneur, and worker. In simplicity lies the power to transform a nation."

This statement encapsulates the vision behind GST 2.0, India's most ambitious tax reform since independence. More than a fiscal policy, GST 2.0 represents an evolution in governance, a commitment to transparency, and a roadmap for sustainable development.

### The Foundation of Trust

At its core, GST 2.0 simplifies the complex maze of taxation that once varied across states and products. By reducing ambiguity, it empowers businesses—both large and small—to comply with ease. Entrepreneurs no longer waste resources navigating confusing slabs or multiple tax authorities. Workers benefit indirectly, as enterprises grow in a predictable environment, ensuring wages, benefits, and employment stability. Clarity in governance also enhances citizen trust. When rules are comprehensible, when filings are seamless, and when compliance is automated, taxpayers feel respected rather than burdened. This trust becomes the backbone of a system that is not coercive but collaborative.

### Equal Rules, Equal Opportunity

GST 2.0 strengthens fairness by design. It creates a level playing field where every sector, every state, and every business is subject to the same transparent framework. This fairness is critical for political dialogue: opposition and policymakers alike can unite around a common goal—a tax regime that does not favor a few but benefits the nation as a whole. When citizens perceive fairness, they invest in the system emotionally and financially. Compliance improves, revenue stabilizes, and states receive their rightful share without dispute. This reduces political friction and enables cooperative governance.

### Power to Transform

The beauty of GST 2.0 lies in its simplification of processes. Digital filing, automated returns, and integrated e-way systems reduce human error, bureaucracy, and corruption. Simplicity is not merely technical—it is philosophical. By removing complexity, India enables its economy to grow organically, boosting entrepreneurship, trade, and innovation. Simplicity also allows the government to focus on outcomes rather than procedure. With less administrative overhead, policymakers can direct resources toward infrastructure, education, healthcare, and rural development. Every rupee saved from inefficiency translates into tangible citizen benefits, thereby reinforcing trust in governance.

### Development Through Consensus

GST 2.0 offers a rare platform for collaboration across party lines. Opposition, policymakers, and civil society can unite on its principles: clarity, fairness, and simplicity. Constructive debate about implementation, exemptions, and compliance mechanisms can strengthen the system rather than weaken it. When political discourse centers on how GST can drive growth rather than who takes credit, the nation gains. Rural entrepreneurship, MSME expansion, industrial growth, and fiscal stability are no longer partisan issues—they are shared national priorities.

### Beyond Rules, Toward Trust

GST 2.0 is a testament to a simple yet profound truth: good governance is not just laws and regulations; it is trust, fairness, and clarity. In this trust, the nation finds its strength. In this simplicity, India finds its competitive edge. By embracing GST 2.0 with cooperation, constructive criticism, and innovative solutions, India can transform not only its tax regime but its entire approach to governance, development, and citizen engagement. This is not merely fiscal reform—it is a blueprint for a modern, transparent, and prosperous India, where every citizen, entrepreneur, and worker feels empowered, included, and respected.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act.